दागी कर्मचारियों की शाखाओं में फिर हुई पोस्टिंग?

मामला जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में धान खरीदी की लाखों की राशि में गड़बड़ी के दोषी एवं फर्जी डीडी जारी करने वाले पर सीईओ की मेहरबानी का

नवभारत न्यूज

सीधी 3 अगस्त। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में धान खरीदी की लाखों की राशि में गड़बड़ी के दोषी एवं फर्जी डीडी जारी करने वाले पर सीईओ की मेहरबानी बनी हुई है। लिहाजा दागी कर्मचारियों की शाखाओं में फिर पोस्टिंग हो गई।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी की कई शाखाएं सरकारी राशि की बड़े पैमाने पर अनियमितताओं को लेकर सुर्खियों में रही है। खासतौर से अमिलिया शाखा में समिति प्रबंधक व्यासमुनि पटेल रहते हुये वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 में लाखों की धान शार्टेज के दोषी मिलने पर उन्हें मुख्यालय में अटैच कर दिया गया। शार्टेज राशि जमा कराये बिना ही हाल ही में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी के सीईओ द्वारा शाखा बहरी में पोस्टिंग कर दी गई। इसी तरह मोरवा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक रहते हुये नागेन्द्र सिंह द्वारा बड़ी राशि की फर्जी डीडी जारी किये थे। इस मामले में वे करीब डेढ़ साल से मुख्यालय में अटैच थे। इन पर अभी निर्णय हुये बिना ही अमिलिया शाखा प्रबंधक बना दिया गया। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि बैंक में लाखों की अनियमितताएं करने वाले दागी कर्मचारियों को फिर से पोस्टिंग देने के लिये बैंक प्रशासक/कलेक्टर से क्या अनुमति सीईओ द्वारा ली गई थी। ऐसे मामलों में बिना बैंक प्रशासक की अनुमति के दागी कर्मचारियों को शाखा में पदस्थ नहीं किया जा सकता। वहीं विभागीय सूत्रों का कहना है कि बैंक के सीईओ द्वारा पूर्व में भी बिना बैंक प्रशासक की स्वीकृति के दागी कर्मचारियों की पोस्टिंग की गई थी। उनके लिये यह नई बात नही है।

क्या प्रशासक से अनुमति लेकर की गई दागी कर्मचारियों की पोस्टिंग

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सीधी के सीईओ द्वारा क्या बैंक प्रशासक से अनुमति लेकर दागी कर्मचारियों की पोस्टिंग फिर से शाखाओं में की गई है इसकी चर्चा बैंक के गलियारों में ही बनी हुई है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि सीईओ द्वारा कई निर्णय अपने स्तर से ही लेने का क्रम शुरू किया गया है। इसी वजह से दागी कर्मचारियों को कुछ समय बाद दूसरी शाखा में पोस्टिंग कराने में मदद मिल रही है।

जवाब देने से बचते दिखे सीईओ

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीधी के सीईओ आशय तिवारी से जब धान शार्टेज मामले में मुख्यालय में अटैच समिति प्रबंधक व्यासमुनि पटेल एवं तत्कालीन शाखा प्रबंधक मोरवा को फर्जी डीडी जारी करने के मामले में मुख्यालय में लम्बे समय तक अटैच रहने के बाद बिना प्रशासनिक अनुमति के दूसरी शाखाओं में पदस्थ करने के मामले में जानकारी चाही गई तो वह जवाब देने से बचते दिखे।

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियां प्राथमिकता से करें : विकास

समय-सीमा बैठक में दिए निर्देश, हुई विस्तृत समीक्षा

नवभारत न्यूज

सीधी 3 अगस्त। कलेक्टर विकास मिश्रा ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान -2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों को शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के माध्यम से प्रशासन सीधे जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करेगा। इसलिए सभी अधिकारी पूरी तैयारी, समन्वय और संवेदनशीलता के साथ अभियान का संचालन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले जनसंवाद एवं समाधान शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत एवं आवेदन का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। बैठक में स्वतंत्रता दिवस समारोह-2026 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समारोह से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं पूर्व निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कर ली जाएं, ताकि राष्ट्रीय पर्व का आयोजन गरिमा, अनुशासन एवं भव्यता के साथ संपन्न हो। कलेक्टर ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची 10 अगस्त तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

हिंदू रक्षा मंच ने हरियाली तीज कार्यक्रम का किया आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 3 अगस्त। हिंदू रक्षा मंच म.प्र. के तत्वाधान में वीरांगना वाहिनी के प्रदेश महिला उत्सव कार्यक्रम अभियान के तहत जिले में सावन माह के पुण्य अवसर पर मातृशक्तियों ने हरियाली तीज कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस आयोजन में देश भक्ति गीत, सनातन गीत, भक्ति गीत, सावन गीत, कजरी गीत के साथ कई नृत्य और प्रश्न प्रतियोगिता के भी कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में सबसे आकर्षण का केन्द्र रहा सावन क्वीन प्रतियोगिता, जिसमें तकरीबन 50 मातृशक्तियों ने भाग लिया। सावन क्वीन प्रतियोगिता कई बिंदुओं के आधार पर आयोजित की गई थी जिसमें 4 जजों ने 6 बिंदुओं के आधार पर 3 विनर घोषित किए। जिसमें प्रथम स्थान श्रीमती ज्योति कचेर, द्वितीय स्थान श्रीमती पूजा सोनी और तृतीय स्थान श्रीमती रानू वर्मा को मिला। महिला जज की भूमिका में श्रीमती कुमुदिनी सिंह, श्रीमती रिचा सिंह, श्रीमती वर्षा सिंह, श्रीमती तारा तिवारी रही। कार्यक्रम का उत्कृष्ट संचालन डॉ.वर्षा गौतम ने किया।

बिना पंजीयन संचालित क्लीनिक पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई, 3 दिवस में पंजीयन कराने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सीधी 3 अगस्त। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशानुसार स्थानीय शिकायत के आधार पर जिले में अवैध रूप से संचालित निजी क्लीनिकों के विरुद्ध छापामार कार्रवाई की गई।

सीएमएचओ डॉ.अशोक कुमार खरे के मार्गदर्शन में नर्सिंग होम के नोडल अधिकारी डॉ.नागेंद्र बिहारी दुबे द्वारा ग्राम सपही थाना बहरी स्थित एक क्लीनिक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम सपही हनुमान मंदिर के सामने पोखरा मार्ग निवासी गणेशचन्द्र विश्वास पिता अभिमन्यु विश्वास द्वारा बिना पंजीयन के अवैध रूप से चिकित्सा व्यवसाय संचालित किया जा रहा था। निरीक्षण के समय क्लीनिक संचालक द्वारा एमपी ऑनलाइन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन, पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अनुज्ञा प्रमाण पत्र सहित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। डॉ.खरे ने बताया कि म.प्र. उपचर्या गृह तथा रूज़ोपचार संबंधी स्थापनायें (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973, नियम 1997 एवं नवीन नियम 2023 के तहत बिना पंजीयन के निजी नर्सिंग होम/क्लीनिक/ पैथालॉजी केन्द्र का संचालन दंडनीय अपराध है। ऐसे प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही का प्रावधान है। क्लीनिक संचालक को 3 दिवस के भीतर एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत कर पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण होने तक क्लीनिक का संचालन तत्काल बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। आदेश का पालन न करने पर अधिनियम के तहत विधिक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए संचालक स्वयं उत्तरदायी होंगे। इस संबंध में सूचना कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक जिला सीधी को भी प्रेषित की गई है। कार्रवाई के पश्चात नोडल अधिकारी डॉ.दुबे की टीम द्वारा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर सपही का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में पदस्थ सीएचओ सपना सिंह उपस्थित मिलीं। केन्द्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। डॉ.खरे ने आम जनता से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत और अधिकृत चिकित्सा संस्थानों से ही उपचार कराएं। जिले में बिना पंजीयन संचालित हो रहे अन्य क्लीनिकों के विरुद्ध भी आगे कार्रवाई जारी रहेगी।

दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की ऐतिहासिक जीत पर सीधी में विजय उत्सव

नवभारत न्यूज

सीधी 3 अगस्त। म.प्र. के दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की ऐतिहासिक विजय पर जिला कांग्रेस कमेटी सीधी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कार्यालय जवाहर कांग्रेस भवन के सामने विजय उत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की, ढोल-नगाड़ों की थाप पर खुशी जाहिर की, एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह की भारी जीत प्रदेश की जनता के विश्वास और भाजपा सरकार के प्रति बढ़ते जनाक्रोश का परिणाम है। श्री सिंह ने कहा कि यह उपचुनाव आने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल साबित हुआ है और इसके परिणाम ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के विश्वास पर पूरी तरह खरी उतरने का प्रयास करेगी और प्रदेश में जनहित के मुद्दों पर संघर्ष पहले की तरह निरंतर जारी रहेगा। दतिया की यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा भरने वाली है तथा आने वाले चुनावों में पार्टी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष दानबहादुर सिंह, ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, आकाश सिंह रिंकू, हरिहर सोनी, अशोक कोरी, भूपेंद्र सिंह, दिनेश पाठक, दया वर्मा, करुण सिंह, नगर कांग्रेस अध्यक्ष हल्के सोनी, शशिकला द्विवेदी, गोविंद गुप्ता, कृतिमा सिंह, रेखा सिंह, रामभिलाष पटेल, सुनील सिंह, नागेश्वर साकेत, अजीत सिंह, कैलाश वर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास के वायरल वीडियो को बताया पुराना

नवभारत न्यूज

सेमरिया 3 अगस्त। कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सेमरिया को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और हाल ही में प्रकाशित खबर के बाद जब नवभारत टीम सेमरिया छात्रावास पहुंची तो छात्रावास प्रबंधन, वार्डन और छात्राओं ने वायरल वीडियो को भ्रामक बताते हुए उसका खंडन किया।

वार्डन सरला मिश्रा ने बताया कि जिस दिन का वीडियो बताया जा रहा है उस दिन छात्रावास में गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों के साथ सीधी विधायक भी मौजूद थीं। वार्डन ने बताया कि उस दिन सुबह से लगातार बारिश हो रही थी और सभी छात्राएं कार्यक्रम की तैयारियों में व्यस्त थीं। ऐसे में छात्राओं द्वारा छत पर जाकर पानी की टंकी या छत की सफाई करने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने कहा कि वीडियो में दिखाई गई पुताई उनके कार्यकाल की नहीं है। उनके कार्यभार संभालने के बाद छात्रावास में अलग प्रकार की रंगाई-पुताई कराई गई है जिससे प्रतीत होता है कि वायरल वीडियो पुराना हो सकता है। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की गहन जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

इनका कहना है

यह वीडियो पुराना या किसी साजिश का हिस्सा हो सकता है। साथ ही छात्रावास परिसर की ड्रोन से निगरानी की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

सरला मिश्रा, वार्डन कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सेमरिया

हम लोग छात्रावास में केवल पढ़ाई और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेते हैं। हमसे कभी भी छत या पानी की टंकी की सफाई नहीं कराई गई है। प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करे।

अध्ययनरत छात्राएं, कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सेमरिया

एक नजर में

दतिया की जीत और बांकीपुर की हार, बदलते जनमत का संकेत : दादू

सीधी। दतिया विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस की जीत तथा बांकीपुर विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा अपनी सीट भी नहीं बचा पाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह दादू ने कहा कि यह परिणाम देश के युवाओं की जागरूकता और बदलते जनमत का स्पष्ट संदेश है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से जेन-जी की सोच में आए बदलाव का असर अब चुनावी परिणामों में भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। देवेन्द्र सिंह दादू ने कहा कि देश का युवा अब पूरी तरह समझ चुका है और वो केवल वादों एवं नारों के आधार पर निर्णय नहीं ले रहा है। युवाओं ने अपने मत के माध्यम से यह स्पष्ट कर दिया है कि अब उन्हें रोजगारए शिक्षा, महंगाई और विकास जैसे वास्तविक मुद्दों पर जवाब चाहिए। उन्होंने कहा कि हालिया चुनाव परिणाम ये दर्शाते हैं कि जनता, विशेषकर युवा वर्ग अब जुमलेबाजी की राजनीति से आगे बढ़कर जवाबदेही और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी देश का युवा, विशेष रूप से मर्द, लोकतंत्र को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर अपनी निर्णायक भूमिका निभाता रहेगा।

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए पटवारी

सीधी। मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल के आहवान पर अपनी 5 सूत्रीय मांगों के निराकरण न होने पर सीधी जिले के भी पटवारियों ने आज तहसीलदार को बस्ता सौंपकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। इसी तारतम्य में मप्र पटवारी संघ भोपाल की तहसील इकाई गोपद बनास जिला सीधी के पटवारियों ने भी आज तहसील अध्यक्ष सतमन्यु विश्वकर्मा, सचिव राजीव तिवारी, जिले के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील सिंह श्याम, जिला संघ के कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शुक्ला, पवन पटेल, बाल्मीक साहू, राधेश कुशवाहा, विमला विश्वकर्मा, मुग्धा सिंह परिहार, आकांक्षा सिंह, खुशबू सिंह, सरदार यादव एवं अन्य पटवारियों ने तहसीलदार गोपद बनास राकेश शुक्ला को अपने राजस्व अभिलेखों का बस्ता सौंपा।

जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड एवं निर्यात संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

सीधी 3 अगस्त। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 के अंतर्गत प्रस्तावित उद्योग संवाद की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड एवं जिला स्तरीय निर्यात संवर्धन बोर्ड की संयुक्त बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिले के उद्यमियों एवं भावी उद्यमियों से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उद्योगों के विकास के लिए आवश्यक सुझाव प्राप्त किए गए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत प्रस्तावित उद्योग संवाद का उद्देश्य जिले के उद्यमियों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को समझना तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योगों की स्थापना एवं संचालन में आने वाली प्रशासनिक बाधाओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए तथा निवेश और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएं। बैठक में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के विकास, नए उद्योगों की स्थापना, स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने, निर्यात की संभावनाओं तथा उद्यमियों को उपलब्ध कराई जा रही शासकीय सुविधाओं पर चर्चा की गई।

बिजली समस्या : कुबरी डीसी का घेराव आज

नवभारत न्यूज

सीधी 3 अगस्त। जनपद पंचायत सिहावल के वार्ड क्रमांक 22 अंतर्गत लगातार बिगड़ती विद्युत व्यवस्था, बार-बार होने वाली अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, लाइट डिप की समस्या, जर्जर एवं टूटी हुई केबिलें, समय पर ट्रांसफॉर्मर नहीं बदले जाने तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण में हो रही लापरवाही के विरोध में क्षेत्र के सरपंचोंए जनपद सदस्यों एवं आम नागरिकों द्वारा 4 अगस्त मंगलवार को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक कुबरी विद्युत वितरण केन्द्र के समक्ष शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन एवं घेराव किया जाएगा। जनपद सदस्य कुबरी यज्ञराज साहू ने बताया कि जिसमे समाजसेवी सुदीप द्विवेदी, मृत्युंजय प्रसाद गौतम कुबरी, गंगा साहू सरपंच कुशियारी, राजकुमार साहू सरपंच खोरी, कृष्ण कुमार गुप्ता, अजय तिवारी सहित परेशान हितग्राही शामिल होगे। आयोजकों का कहना है कि क्षेत्र की जनता लंबे समय से विद्युत संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रही है।

क्षेत्र के किसान व आमजन विभाग की लापरवाही का भुगत रहे खामियाजा : ज्ञान

हनुमानगढ़ में बिजली संकट के खिलाफ किसान कांग्रेस का धरना, समस्याओं को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सीधी 3 अगस्त। चुरहट विधानसभा क्षेत्र के हनुमानगढ़ में लगातार बनी हुई बिजली संकट, अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, जले हुए ट्रांसफॉर्मरों को समय पर नहीं बदले जाने तथा जर्जर बिजली केबिलों की समस्या को लेकर जिला किसान कांग्रेस सीधी के बैनर तले सोमवार को बिजली विभाग के जेई कार्यालय हनुमानगढ़ के सामने विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने किया।

धरने के माध्यम से किसानों और आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए कलेक्टर सीधी के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि हनुमानगढ़ क्षेत्र के किसान और आमजन बिजली विभाग की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे हैं। अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज, जले ट्रांसफॉर्मरों को समय पर नहीं बदलना और जर्जर केबिलों के कारण लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। कांग्रेस किसानों और जनता के हितों से जुड़े हर मुद्दे पर उनके साथ मजबूती से खड़ी है। यदि प्रशासन ने शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो किसान कांग्रेस और जिला कांग्रेस जनसहभागिता के साथ आंदोलन को और व्यापक रूप देने के लिए बाध्य होगी। अन्य वक्ताओं ने कहा कि हनुमानगढ़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से अघोषित बिजली कटौती, लो-वोल्टेज और जर्जर विद्युत व्यवस्था के कारण किसान और आम नागरिक भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। सिंचाई कार्य प्रभावित होने से खेती संकट में है जबकि बार-बार शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है।

ज्ञापन में प्रमुख मांगे

ज्ञापन में हनुमानगढ़ एवं खड्डी क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती तत्काल बंद करने, जर्जर एवं जली हुई बिजली केबिलों को बदलने, खराब ट्रांसफॉर्मरों को समय पर बदलने तथा लो-वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की गई। इसके साथ ही गुलाब सागर बांध की मुख्य नहर टूटने से किसानों की नष्ट हुई फसलों का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने, माइनर नंबर-13 की सफाई कराने, कई महीनों से लंबित निराश्रित वृद्ध पेंशन का भुगतान कराने, जमीन पर लटक रही बिजली केबिलों को तत्काल ठीक कराने, हनुमानगढ़ अस्पताल में डॉक्टरों की पदस्थापना करने तथा मलेरिया सहित अन्य बीमारियों की रोकथाम के प्रभावी इंतजाम करने की मांग भी उठाई गई। ज्ञापन में गुजरेड झमारी क्षेत्र के लगभग 50 वर्षों से निवासरत हरिजन एवं आदिवासी परिवारों को वन विभाग द्वारा दिए गए बेदखली नोटिस वापस लेने तथा पात्र परिवारों को वनाधिकार पट्टे प्रदान करने की मांग भी रखी गई।

धरना प्रदर्शन में ये रहे उपस्थित

धरना प्रदर्शन में जिला संगठन महासचिव ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष प्रफुल्ल पाण्डेय, जिला कांग्रेस महामंत्री नवीन सिंह, जिला महामंत्री कमलेश्वर सिंह, अनुज सिंह, महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष शशिकला द्विवेदी, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष मनोज कोल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवकुमार सिंह, जिला किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, विधानसभा युकां अध्यक्ष केडी सिंह, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष विपिन सिंह, मंडलम अध्यक्ष जय कुमार सिंह, चंद्रमणि पाण्डेय, जयवीर यादव, प्रद्युमन सिंह सहित कांग्रेस, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

CMYK